09.06.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–वीबी जी रामजी के तहत किसी भी राज्य के बजट प्रस्ताव में कोई कटौती नहीं की गई।

○ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को फिर से आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की।

○ राज्य सरकार ने बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने के मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी।

○ देश का कुल निर्यात पिछले 12 वर्षों में 468 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर तक पहुंचा।

000

मनरेगा से विकसित भारत–रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण–वीबी–जी–रामजी के सूचारू परिवर्तन के लिए केन्द्र सरकार ने 95 हजार 692 करोड़ रुपये के अंतरिम बजट आवंटन का प्रस्ताव रखा है। केन्द्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए ये प्रस्ताव रखा है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक में इसकी घोषणा की। इसके बाद प्रेसवार्ता उन्होंने बताया कि किसी भी राज्य के बजट आवंटन में कोई कटौती नहीं की गई है, बल्कि पिछले साल की तुलना में बजट में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 21 जून को फिर से आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखने के सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए खूफिया और केन्द्रीय जांच ब्यूरो सहित सभी साइबर सुरक्षा संसाधन लगाये गये हैं।

.................

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीबीआई नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

000

जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में आज एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, वहीं पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये फैक्ट्री एक रिहायशी इलाके में अवैध रूप से चल रही थी। हादसे के समय वहां आठ लोग मौजूद थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। आग लगने के बाद वहां रखे गैस सिलेंडर में भी विस्फोट हो गया, जिससे स्थिति अधिक भयावह हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

000

राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए भरे गये सभी नौ नामांकन पत्र सही पाये गये। द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए तीन प्रत्याशियों ने ये नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये थे, जिनकी विधानसभा में जांच की गई। रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के उम्मीदवार नीरज डांगी और भाजपा की डॉ. अलका सिंह तथा सतीश पूनिया के पर्चों की जांच पर्यवेक्षक और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की मौजूदगी में की गई। जांच के साथ ही इनकी वीडियोग्राफी भी करवाई गई। कल नाम वापसी की आखिरी तारीख है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि प्राचीनकाल से ही भारत शिक्षा का केन्द्र रहा है। यहां 19 विश्वविद्यालय थे, जहां दुनियाभर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। राज्यपाल आज लोकभवन में कर्नाटक के आई.आई.टी. धारवाड़ के विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल ने राजस्थान के महापुरूषों और ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में बताया। नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए श्री बागड़े ने कहा कि इसमें युवाओं को सभी क्षेत्र में अग्रणी बनाने पर ज़ोर दिया गया है।

000

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में सीजेरियन डिलीवरी के बाद छह प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने के मामले में चिकित्सा विभाग ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही, जोधपुर मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की टीम जांच के लिए बीकानेर भेजी गई है। इस बीच, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने आज जयपुर में बैठक कर अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। चिकित्सा मंत्री ने इस तरह प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि बीकानेर का ये मामला कोटा प्रसूता प्रकरण जैसा नहीं है।

000

गौरतलब है कि बीकानेर में सिजेरियन डिलवरी के बाद 6 प्रसूताओं की किडनी प्रभावित होने की सूचना है, वहीं गंभीर हालत वाली एक महिला को वेंटिलेटर पर रखा गया है। अस्पताल प्रशासन ने कारणों की जांच शुरू कर दी है।

000

चित्तौड़गढ़ में आज वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किये गये। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने 800 से अधिक बुजुर्गों को ये उपकरण दिये। उन्होंने बताया कि इसके लिए पिछले साल नवम्बर महीने में विशेष शिविर लगाकर लाभार्थियों को चिन्हित किया गया था। इसके बाद उनकी जरूरत के आधार पर 85 लाख रुपये मूल्य के ये उपकरण तैयार कराए गये।

000

देश का कुल निर्यात पिछले 12 वर्षों में 468 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव साकेत कुमार ने आज जयपुर में एक कार्यशाला में ये जानकारी दी। केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के तहत ये कार्यशाला रखी गई। श्री कुमार ने बताया कि इस अवधि में वस्तु और सेवा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हुई है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में 9 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात में भी भारी उछाल देखने को मिला है। श्री कुमार ने विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों से उपजी नई संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय निर्यातकों को वैश्विक बाजारों में बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

000

सरकारी ई–मार्केटप्लेस–जेम ने सार्वजनिक खरीद को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने कहा कि नागरिक–केंद्रित सेवा वितरण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ये पहल की गई है। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष 2016–17 में जेम में भाग लेने वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों की संख्या लगभग 23 सौ थी, जो बढ़कर अब 12 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि जेम पर महिला स्वामित्व वाले उद्यमों की संख्या भी बढ़कर अब 2 लाख 16 हजार से अधिक हो गई है। साथ ही महिला उद्यमियों की ओर से की जा रही खरीद का आंकड़ा 93 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ई–फाइलों के निस्तारण प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी को खत्म करने के लिए उन्होंने फाइल निस्तारण प्रक्रिया को और बेहतर तथा उत्तरदायी बनाने की बात कही। मुख्य सचिव आज विभिन्न समितियों के सचिवों की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण, जन अभियान में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। मुख्य सचिव ने सम्पर्क पोर्टल की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण करने की बात कही।

000

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आज देशभर में कई आयोजन हुए। इस अभियान के तहत हर महीने की नौ तारीख को गर्भवती महिलाओं को मुफ्त और गुणवत्ता वाली प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। साथ ही विस्तारित अभियान के तहत 18 और 27 तारीख को ज्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष ट्रैकिंग और निगरानी की जाती है। इस मौके पर प्रदेश में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाये गये। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसका लाभ लिया। शिविरों में चिकित्सा अधिकारियों ने महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व और संतुलित आहार के प्रति जागरुक किया।

000